हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 27 जुलाई 2025

06 मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत...



10 कलेक्टर ने खाद-बीज की कालाबाजारी करने वालों...





## खबर संक्षेप

### विजय दिवस पर भाजपा ने निकाली मशाल यात्रा

**नर्मदापुरम।** भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और पराक्रम के अमर प्रतीक कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ भारतीय जनता पार्टी ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने शनिवार शाम को जिला भाजपा कार्यालय से बरसते पानी में मशाल यात्रा निकाली जो की सातरस्ता स्थित, विजय स्तंभ पर समाप्त हुआ।इस मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में भाजपा, भाजयुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इस दौरान भारत माता की जय और वीर शहीदों की याद में नारे लगाए गए।

## सीजन में पहली बार 10 फीट तक खुले तवा जलाशय के 9 गेट




# नर्मदांचल में झमाझम बारिश का दौर जारी, डेम हुए लबालब नर्मदा का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन ने जारी की एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में चार-पांच दिनों से लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार रात को भी रुक-रुककर तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने शनिवार से अगले 24 घंटे के लिए जिले में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण अगले 5 दिन तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। शनिवार सुबह 6 बजे तवा डैम के 7 गेट 10-10 फीट तक खोल दिए गए। इससे 1,08,450 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बरगी डैम के 7 गेटों से 47,321 क्यूसेक और बारना डैम के 6 गेटों से 5-5 फीट तक पानी छोड़ा जा रहा है। इन तीनों डैम से पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर 7 से 8 फीट बढ़ गया है शुक्रवार शाम 4:45 बजे तवा बांध के पहले 3 गेट खोले गए। इसके बाद 6 बजे 2 और गेट और फिर रात 11:30 बजे तक कुल 7 गेट खोल दिए गए। वहीं सायं 6 बजे 9 गेट 10 फीट तक खोल दिये गये।

### दो दिन में हुई बारिश

- नर्मदापुरम में 63.1 मिमी
- सिवनीमालवा में 19.0 मिमी
- इटारसी में 53.2 मिमी
- माखननगर में 41.0 मिमी
- सोहागपुर में 101.0 मिमी
- पिपरिया में 112.4 मिमी
- बनखेड़ी में 60.2 मिमी
- पचमढ़ी में 91.6 मिमी

### प्रशासन ने जारी की सतर्क रहने की सलाह

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए डाटा को देखें तो पिछले 24 घंटा के दौरान पचमढ़ी में करीबन 3.6 इंच वर्षा हुई है। आमतौर पर इतनी बरसात कई दिनों में देखने को मिलती है। वहीं तवा के केचमेंट क्षेत्र में हो रही बारिश को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर सोनिया मीना ने लोगों से अपील की है कि तवा और नर्मदा नदी किनारे बसे गांवों के लोग सतर्क रहें और किसी भी हालत में नदी किनारे न जाएं। बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं को भी नर्मदा के आसपास न जाने दें। सेठानी घाट समेत अन्य घाटों पर आवाजाही से बचें। अफवाहों पर ध्यान न देकर सिर्फ प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। वहीं क्षेत्र में शनिवार को हुई बारिश ने सड़कों और मोहल्लों की गलियों को लबालब कर दिया। निचली बस्तियों नालों का पानी भरा जाने से लोग परेशान दिखाई दिए। हालाकि प्रशासन ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किये हुए हैं। नर्मदा के जल स्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं नपा द्वारा राहत शिविर तैयार रखे गये हैं।

## भाजपा जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए कवायद शुरू

# विधायकों की अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी में मिलेंगे पद, शीर्ष नेताओं की भी रहेगी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाजपा जिला कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की नियुक्ति अब तेज हो गई है। पदाधिकारी बनने की होड़ और जोड़-तोड़ को देखकर लगता है कि कार्यकारिणी की घोषणा जल्दी नहीं हो पाएगी। हालाकि संगठन की ओर से कार्यकारिणी जल्दी घोषित किये जाने का दावा किया जा रहा है। भाजपा जिला कार्यकारिणी में शामिल होने वाले नामों की सूची 25 जुलाई तक भाजपा प्रदेश संगठन को पहुंच जानी थी। विगत दिवस संभागीय संगठन प्रभारी ने जिले का दौरा कर बैठक करके अपने-अपने नाम देने को कहा था। जानकारी के अनसुार जिलाध्यक्ष एवं चारो विधायक दो सांसद एवं पूर्व अध्यक्ष के नाम लेकर पैनल बनाकर सूची भोपाल भेजनी थी अभी तक नामों का पैनल नहीं बन पाया है।

**आने दिनों में भाजपा की जिला कार्यकारिणी का गठन होने जा रहा है। इसके लिए शीर्ष स्तर पर कवायद जारी है। हालाकि दावेदारों का चयन चुनौती भरा होगा।**




### कार्यकर्ताओं नहीं है उत्साह

मंडल कार्यकारिणी से लेकर जिला कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं में पूर्व के वर्षो में जो उत्साह और जोड़-तोड व लॉबिंग देखी जाती है थी अब वह नजर नहीं आ रही है। भाजपा जैसे मजबूत संगठन में के लिए अच्छा नहीं है। शीर्ष नेताओं की मनमानी, प्रदेश स्तर से थोपे गये निर्णय, से यह संदेश जाने लगा कि पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा अब यहां पर मूल्य नहीं है, कांग्रेस की तरह सिफ नेताओं की चम्मचगिरी करने वालों को ही पदों पर बैठाया जाता है।

### शीर्ष नेताओं से मिल रहे

जिला कार्यकारिणी में पद पाने के लिए लिए जिले के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विजयपाल सिंह, ठाकुरदास नागवंशी, प्रेमशंकर वर्मा, सांसद दर्शन सिंह, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला और पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, भरत राजपूत, पीयूष शर्मा, हरिशंकर जायसवाल, संतोष पारिख, सुरेश पचौरी, सविता दीवान, ओम रघुवंशी सहित कुछ प्रमुख नेताओं के पास समर्थक अपना नाम पैनल में लाने और जिला कार्यकारिणी में आने के लिए लगातार मिलना जुलना कर रहे हैं।

### कांग्रेस से आए नेताओं को संगठन में जगह मिलेगी ?

संभावित कार्यकारिणी में देखना यह दिलचस्प होगा कि जिस तरह राष्ट्रीय और प्रदेश लेवल पर कांग्रेस या अन्य दलों से आए हुए कुछ नेताओं को भाजपा संगठन ने मलाईदार पदों पर बैठाया क्या अब जिला कार्यकारिणी में भी कांग्रेस से आए बड़े नेताओं के समर्थक जिला कार्यकारिणी में शामिल होंगे। क्योंकि जिले में कांग्रेस से आए सुरेश पचौरी दो पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं ओम रघुवंशी क्या इन लोगों के समर्थकों को जगह मिलेगी ?

जिला कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय प्रभारी की नियुक्तियां होना है। सबसे महत्वपूर्ण महामंत्री का पद है जिसको लेकर रस्साकशी चल रही है। ऐंसा माना जाता है कि सिवनी मालवा विधानसभा छोड़कर बांकी तीन विधानसभाओं से एक-एक महामंत्रियों की नियुक्ति स्थानीय विधायकों की सिफारिशों होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं पूरी कार्यकारणी में जातीय समीकरण और महिला आरक्षण को ध्यान में रखकर भी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जो कि एक कठिन कार्य है। इसी तरह जातीय समीकरण भी पैनल बनाने में एक परेशानी खड़ी कर सकता है क्योंकि महिला आरक्षण, एससी, एसटी एवं सामान्य वर्ग में ब्राम्हण, ठाकुर, चौरे, कुनबी, गुज्जर के वर्गो के कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में शामिल करने के लिए संगठन को समन्वय बनाना होगा क्योंकि दावेदारों की संख्या अधिक है और पद 20 हैं।

### जो नाम चर्चा में हैं

जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के लिए जो संभावित नाम जनचर्चा में हैं उनमें प्रमुख हंसराय, पूनम मेषकर, प्रसन्ना हर्णे, कल्पेश अग्रवाल, ममता नागवंशी, मुकेश मैना, जयप्रकाश चौधरी, राहुल सोलंकी, लोकेश तिवारी, दीपक महाला, ललित पुरविया, मृगेन्द्र मंडलोई, ज्योति चौरे, राजेश तिवारी, रामू चौहान, कुलदीप रावत, कुंवर सिंह यादव, दिनेश तिवारी, वंदना शर्मा, सीमा कसादे, सुरेश पटैल, सोनू दीक्षित, राजू चौकसे, प्रांशु राणे, योगेन्द्र राजपूत आदि इनके अतिरिक्त भाजपा में चौकाने वाले नाम आने की परंपरा है।

# आबकार विभाग की कार्रवाई नागद्वारी मेले से पकड़ी शराब

## आरोपी सहित 160 लीटर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के देनवा बफर रेंज के आलमोद क्षेत्र में शुक्रवार रात गश्ती के दौरान कच्ची शराब की तस्करी का मामला सामने आया। वन विभाग की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 160 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। आरोपी नागद्वारी मेला मार्ग से जंगल के रास्ते शराब लेकर जा रहे थे। उनके खिलाफ वन क्षेत्र में ज्वलनशील पदार्थ के साथ अवैध प्रवेश करने का केस दर्ज किया गया है।

पचमढ़ी में चल रहे नागद्वारी मेले को ध्यान में रखते हुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व संचालक और उप संचालक के निर्देश पर वन विभाग की टीमें जंगल क्षेत्र में विशेष गश्ती कर रही हैं। इसी दौरान देनवा बफर के आलमोद क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई।

गश्ती दल ने शुक्रवार रात आलमोद रोरीघाट मार्ग पर कक्ष क्रमांक पी-157 में कुछ लोगों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पकड़े गए आरोपियों में विसनलाल सुरमन, रमेश तालेराम और सन्तुलाल गेंदालाल शामिल हैं, जो सभी सिलसिली आलमोद के निवासी हैं। एसडीओ आशीष खोपराघड़े ने बताया कि आरोपियों के पास से एक-दो लीटर की कुप्पियों में भरी 160 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। इसके अलावा आसपास जंगल क्षेत्र में तलाशी लेने पर 100 लीटर और कच्ची शराब अज्ञात रूप से मिली, जिसे मौके से जब्त किया गया।

# विधायक डॉ शर्मा ने वर्चुअल बैठक कर क्षेत्र के जीर्ण शीर्ण भवनों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम विधान सभा विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विधान सभा होशंगाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले सभी जनपद सदस्य, सरपंच, सेक्टर अधिकारी, उपयंत्री सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे भी सम्मिलित हुये । बैठक में विधायक डॉ शर्मा ने क्षेत्र में शासकीय जर्जर और जीर्ण-शीर्ण भवनों की जानकारी ली। उन्होंने सभी सरपंचों से कहा कि राजस्थान में हुई घटना जैसी घटना उनके क्षेत्र में न हो, इसके लिए उन्हें सतर्क रहना होगा।

जर्जर भवनों को तत्काल डिसमेंटल करने और जो भवन सुधरने लायक हैं उनकी मरम्मत विधायक निधि या अन्य किसी निधि से कराने का आश्वासन दिया। डॉ शर्मा ने जिन भवनों में स्कूल, आंगनवाड़ी या अन्य शासकीय कार्यालय जर्जर अवस्था में हैं, उन्हें तत्काल दूसरी जगह शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

विधानसभा होशंगाबाद में ऐसी कोई घटना घटित न हो, इसके लिए यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के अंत में जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गैलेक्सी इंटरनेशन हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया रैनी डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाबई रोड स्थित गैलेक्सी इंटरनेशनल हायर सेकेण्डरी स्कूल में रैनी डे मनाया गया।सभी स्टूडेंट्स रंग बिरंगी ड्रेसेस में आए , साथ में रंग बिरंगे छाते लेकर आए। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स के लिए मनोरंजक गेम्स के साथ डांस आयोजित किए गए। उसके बाद स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक दुबे ने पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण,वृक्षारोपण के महत्व और उसमें स्टूडेंट्स के योगदान के महत्व पर स्टूडेंट्स और स्टाफ से चर्चा की। सभी स्टूडेंट्स को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई ।कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्लांटेशन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, कार्यक्रम संचालक कविता चौबे और स्कूल का स्टाफ मौजूद रहे।

# नपाध्यक्ष नीतू यादव ने मैसूर में बजट प्रबंधन का लिया प्रशिक्षण, 20 निकाय हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान (भोपाल) के माध्यम से मैसूर में दो दिवसीय बजट प्रबंधन कर प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंची हैं। यहां 20 निकाय के अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। नप के क्षेत्रीय नगर तथा पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ द्वारा मैसूर कर्नाटक में 25 से 26 जुलाई को नगर तथा राजस्व प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण सह एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम नगरीय विकास एवं आवास विभाग करवा रहा है।

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि प्रशिक्षण दौरान बताया गया कि किस तरह से हम नगरपालिका परिषद को टेक्स के मामले में आत्मनिर्भर बना सकते हैं, यह प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा था और इसके अलावा वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में नगरपालिका को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश की 20 नगरपालिका और नगर पंचायत के अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था। इस प्रशिक्षण में जिले से नर्मदापुरम नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सिवनीमालवा नगरपालिका परिषद से रितेश जैन शामिल हुए।

# शासकीय नर्मदा कॉलेज में हुआ भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला के अंतर्गत भारतीय संस्कृति और शिक्षक पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। डॉ के जी मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भौतिक ज्ञान काल्पनिक सत्य को भुला देता है, ज्ञान वही सार्थक है जो सबका कल्याण करें। ज्ञान बुद्धि का विषय है बुद्धि स्वार्थी होती है इसलिए उस पर विवेक का अंकुश आवश्यक है। अंग्रेजों ने अपने ज्ञान को श्रेष्ठ बता कर बेचा और हमारे राजे महाराजे उनके गुलाम हो गए। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर रवि उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे डॉ ममता गर्ग, डॉ कल्पना विश्वास, डॉ ईरा वर्मा, डॉ संतोष अहिरवार,डॉ आशीष तोमर, डॉ महेश मानकर, डॉ एन आर अडलक , अंजलि भट्ट मनीष दुबे, दीपा पालीवाल आदि मौजूद रहे।

## नर्मदा जल भरकर बाबा बटेश्वर महादेव के लिए रवाना हुए भक्त

# कांवड़िए त्याग, तपस्या और समर्पण रूपी जल को महादेव को अर्पित करें : आचार्य पं. सोमेश परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति भोपाल के तत्वावधान में शनिवार को हजारों कांवड़िए मां नर्मदा का जल कावड़ में भरकर भोपाल के लिए रवाना हुआ है। कांवड़ यात्रा चेतन भार्गव के नेतृत्व में नर्मदापुरम से भोपाल तक विशाल कांवड़ यात्रा निकली। यात्रा संयोजक श्री भार्गव ने बताया कि कांवड़ यात्रा में कांवड़िए नर्मदापुरम से नर्मदा का जल भरकर पुराने भोपाल स्थित बाबा बटेश्वर महादेव मंदिर तक जाएंगे यहां सभी भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। इस कावड़ यात्रा में शामिल होने एक हजार से अधिक कांवड़िए शनिवार देर शाम को ही नर्मदापुरम पहुंच गए थे। सुबह 8 बजे



आचार्य सोमेश परसाई ने विधि विधान से माँ नर्मदा व कावड़ कलश का पूजन कराया। इस दौरन आचार्य सोमेश परसाई ने कहा कि सभी कांवड़िए इस श्रावण मास में कठिन यात्रा कर महादेव को जल अर्पण करेंगे। आप सभी कांवड़िए त्याग, तपस्या और समर्पण रूपी जल लेकर निकल रहे है। कावड़ यात्रा सेठानी घाट से शुरू हुई। कावड़ यात्रा में सबसे आगे अपने हाथों में तिरंगा थामकर यात्रा संयोजक चेतन भार्गव चल रहे थे। यात्रा शहर के सराफा चौक , न्यू जयस्तंभ चौक , सातरास्ते होते हुए ओवरब्रिज तिराहे से बुदनी के लिए रवाना हुई। सुबह सेठानी घाट पर मां नर्मदा के पूजन के समय राज्यसभा सांसद माया नारोलिया , भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, हंस राय, प्रशांत तिवारी, वंदना दुबे, मनीष परदेशी, नीतेश खंडेलवाल, प्रदीप श्रीराम , आशीष गुप्ता, रोहित शर्मा, श्रीराम सगर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दोपहर 12 बजे यात्रा बुधनी के लिए रवाना हुई। यह यात्रा बरखेड़ा , ओबेदुल्लागंज , मंडीदीप , मिसरोद होते हुए पुराने भोपाल स्थित बटेश्वर महादेव मंदिर 28 जुलाई सोमवार को पहुँचेगी यहां माँ नर्मदा के जल से महादेव का अभिषेक होगा। कावड़ यात्रा का रास्ते में जगह जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कावड़ यात्रा के दौरान कांवड़िए विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी करते चल रहे थे।

# कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस पर किया शहीदों को याद




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को युवा कांग्रेस नर्मदापुरम द्वारा शहीद स्मारक ब्यावरा मे विजय शंकर दुबे के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर शहीदों को याद किया गया।

प्रदेश महासचिव फैज़ान उल हक़ ने बताया भारत माता के वीर सपूतो के साहस और पराक्रम की बदौलत हमारे देश ने शत्रुओ पर विजय प्राप्त की थी प्रदेश सचिव गुलाम मुस्तफ़ा और आयुष्मान अवस्थी ने बताया ये अवसर राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रण है 60 दिनों से अधिक चले युद्ध मे हमारे पराक्रमी सेनिको ने तिरंगा फहराया शौर्य और बलिदान की अमरगाथा यह हम सबके के लिए गौरव का उत्सव है कार्यक्रम मे फैज़ान उल हक़ , राजेंद्र दोहरे, गुलाम मुस्तफ़ा, आयुष्मान अवस्थी, सिराज खान , राहुल शर्मा, मोहित दुबे, भगवान दास मीना, विजय वर्मा , आदि उपस्तिथ रहे ।

## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र सेनानी से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की भेंट

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल में पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी रामचरित्र मिश्रा के निवास पहुंचकर कुशलक्षेम जाना एवं शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही वरिष्ठ नेता चरणजीत सिंह अहलूवालिया (चन्नी चाचा), वरिष्ठ नेता महेन्द्रचन्द्र शर्मा (बाबू शर्मा), वरिष्ठ नेता रमेश प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर एवं पूर्व सांसद श्रीमती ज्योति धुर्वे के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर बैतूल जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार उपस्थित रहे।

### क्रिश हॉस्पिटल में 229 का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**मुलताई।** नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं डॉक्टर स्वर्गीय अशोक भार्गव द्वारा स्थापित क्रिस मेमोरियल हॉस्पिटल के चार वर्ष पूरे होने पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें खबर लिखे जाने तक 229 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं उपचार किया गया इसके अलावा 108 से अधिक लोगों ने रक्तदान महादान मे अपने पुण्य की आहुति दी। क्रिश हॉस्पिटल के 4 वर्ष पूरे होने पर नगर के विभिन्न गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनो एवं क्षेत्र के सभी प्रमुख नेताओं ने शिविर में पहुंचकर हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अस्पताल के सह-संचालक डॉक्टर अंकुश भार्गव एवं संचालक मंडल को सम्मान चिन्ह भेटकर चार वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्रिस मेमोरियल हॉस्पिटल की स्थापना से पूर्व लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए बड़े शहरों मे भटकना पड़ता था। जहां उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था इस बात को महसूस कर स्व. डॉक्टर अशोक भार्गव ने क्षेत्र वासियों के लिए सर्व सुविधायुक्त हॉस्पिटल का सपना देखा था और बीते चार वर्षो में क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है जहा आम आदमी को कम खर्चे में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही है। 4 वर्ष पूरे होने पर आज निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें क्रिश हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा उपचार एवं परामर्श दिया गया।

### होमगार्ड कार्यालय में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल।** जिला बैतूल के होमगार्ड कार्यालय में शनिवार को जिला सेनानी इंदल उपनारे के मार्गदर्शन में एक विशेष नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हवलदार स्टोर मैन अवधेश वर्मा, सैनिक राजा, अलकेश द्वारा 5 सिविल डिफेंस वालंटियर को आंतरिक सुरक्षा के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिला सेनानी श्री इंदल उपनारे ने प्रशिक्षण में नागरिक सुरक्षा के विभिन्न प्रकार, उनकी भूमिका और सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। हवाई हमले की स्थिति में सायरन का प्रयोग और ब्लैक आउट की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें घायलों को पट्टी बांधने, उन्हें सुरक्षित रूप से पहुंचाने के आकस्मिक उपायों का अभ्यास कराया गया।

## बैतूल, आठनेर और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक की वधुओं को राशि का इंतजार

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत वधुओं को नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**कुछ जिलों में विवाद तो कहीं वितरित हो चुकी रकम**




मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत हुई सरकारी शादियों में सात फेरे लेने के बाद अब वधुओं को राशि के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि यह स्थिति जिले के सिर्फ तीन ब्लाकों में है, जहां अभी तक वधुओं के खातों में राशि नहीं आई है। सामाजिक न्याय विभाग का कहना है कि जिले के सात ब्लाक में राशि का भुगतान हो गया है और जिन ब्लाक से बिल नहीं लगे है, वहां राशि का आवंटन नहीं हो पाया है। बैतूल जनपद में बार-बार सीईओ बदलने के कारण बैतूल जनपद का बिल भी पेंडिंग है। जिसकी वजह से राशि मिलने में देरी हो रही हैं। वहीं वधुओं का कहना है कि कुछ ब्लॉकों में तो विवाद के बाद राशि आवंटित कर दी गई, लेकिन हमें राशि के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बता दे कि जिले के ब्लाकों में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामुहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन हुआ था। जिसमें हजारों जोड़ों ने सात फेरे लिये थे। जिन्हें शासन की तरफ से 49 हजार रूपये की राशि दी जानी थी, किन्तु अभी तक बैतूल, आठनेर और घोड़ाडोंगरी ब्लाक के जोड़ों के खाते में राशि नहीं पहुंची है। जिससे लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

### जिले के सभी ब्लाकों में आयोजित हुए थे विवाह

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत जिले के दसों ब्लॉकों में विवाह आयोजन कराए गए थे। इनमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग आयोजन हुए थे। जानकारी के अनुसार बैतूल में 2 मई को आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 740 जोडे, 5 मई को भैंसदेही में 739 जोड़े, 8 मई को शाहपुर में 634 जोड़े, 14 मई को बैतूल पुलिस ग्राउंड में चिचोली-आठनेर क्षेत्र के 1011 जोड़े, 22 मई को घोड़ाडोंगरी में 200 जोड़े, आमला में 375, मुलताई में 288, प्रभात पट्टन में 269 जोडों का अलग-अलग तिथियों पर विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ था। एक अनुमान के मुताबिक इन सामुहिक विवाह कार्यक्रम में संपन्न हुए विवाह में से अभी एक हजार के करीब वधुओं को राशि मिलना बाकी है।

### जिले के सात ब्लॉकों में राशि वितरण की कार्रवाही

सामाजिक न्याय पंचायत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सात ब्लाकों में वधुओं को राशि का वितरण कर दिया गया है, या राशि वितरण की कार्रवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसमें मुलताई, शाहपुर, आमला, चिचोली, प्रभातपट्टन, भैंसदेही और भीमपुर क्षेत्र में हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के बिल लग चुके है और अधिकांश वधुओं के खातों में राशि भी पहुंच गई है। जिसके तहत प्रत्येक वधु को 49 हजार की राशि बैंक खाते में डाली है। शादी के पहले विभाग ने सभी वधुओं के बैंक खाते की डिटेल भी ले ली थी, जिन वधुओं को राशि नहीं मिली है, उनके खातों में राशि डाले जाने की कार्रवाही की जायेगी।

### राशि के लिए बार-बार चक्कर लगा रहे वर-वधु

बैतूल, आठनेर और घोड़ाडोंगरी तीनों ब्लाक के वर-वधु राशि के लिए बार-बार चक्कर लगा रहे है। बैतूल जनपद के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले वर-वधुओं का कहना है कि 2 मई को पुलिस ग्राउंड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ था। लेकिन मई, जून और अब पूरा जुलाई माह बितने को है, अभी तक वधु के खातों में राशि नहीं आई है। कई बार जनपद पंचायत में भी राशि के संबंध में जानकारी ली, लेकिन कोई भी अधिकारी सटिक तौर से नहीं बता पा रहा है और न ही कोई जानकारी मिल पा रही है कि राशि कब तक खातों में आयेगी। जिसके कारण वर-वधु परेशान हो रहे है।

**इनका कहना है**

जिले के सात ब्लाकों में वधुओं के खातों में राशि पहुंच गई है। जिन्हें खातों में राशि नहीं आई है, उसकी प्रक्रिया पूर्ण कर दी है। केवल बैतूल, आठनेर और घोड़ाडोंगरी ब्लाक में हुए विवाह के बिल अभी तक नहीं लगे है। बैतूल जनपद में बार-बार सीईओ बदलने के कारण देरी हो रही है। जल्द ही इन ब्लाकों के वधुओं के खातों में भी राशि पहुंच जायेगी।

\- **रोशनी वर्मा,** सहायक संचालक, सामाजिक न्याय पंचायत विभाग, बैतूल

## जिले में बारिश की रफ्तार तेज

# तवा नदी का जलस्तर बढ़ गया सतपुड़ा बांध के सात गेट खोले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में बारिश ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश में एक इंच से ज्यादा पानी गिरा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर सतपुड़ा बांध क्षेत्र में तीन इंच से ज्यादा बारिश होने के बाद बांध के सात गेट छह-छह फुट तक खोले गए हैं। इनसे 32 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को गेट तीन-तीन फुट खोले गए थे, जिनसे 17 हजार 300 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। रात दो बजे गेटों की ऊंचाई बढ़ाने से बांध का जलस्तर 1430 फुट से घटकर 1429.50 फुट हो गया है। निचले क्षेत्रों में तवा नदी का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन कोई इलाका प्रभावित नहीं हुआ है। सतपुड़ा के गेट खोलने से तवा बांध में भी पानी बढ़ रहा है। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 26 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक 37.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील बैतूल में 30.4, घोड़ाडोंगरी में 57.0, चिचोली में 28.0, शाहपुर में 42.0, मुलताई में 49.2, प्रभात पट्टन में 29.2, आमला में 22.0, भैंसदेही में 60.0 मिमी दर्ज की गई।

# अमरावती स्टेट हाइवे पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित



**बैतूल।** बैतूल-परतवाड़ा स्टेट हाईवे पर शनिवार दोपहर 12 बजे ताप्ती घाट के पास पहाड़ी से एक विशाल पेड़ सडक पर गिर गया। इससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों यात्री फंस गए। लगातार बारिश से पहाड़ी की मिट्टी दरकने के कारण पेड़ गिरा, जिससे बैतूल से अमरावती-परतवाड़ा जाने वाला प्रमुख मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। घटना के दो घंटे बाद तक राहत कार्य नहीं शुरू हुआ। यात्रियों ने बताया कि पेड़ इतना बड़ा है कि जेसीबी की जरूरत है, लेकिन प्रशासन ने महज दो लोगों को कुल्हाड़ी देकर भेजा है। ढाई घंटे बाद झल्लार थाना पुलिस के दो जवान पहुंचे, लेकिन यातायात बहाल नहीं हो सका। उमस और बरसात के बीच यात्री परेशान हैं। बसें और निजी वाहन सभी रुके हुए हैं।

## जेएच कॉलेज में समझाए नियम

# ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 163 विद्यार्थियों को लर्निंग लाइसेंस




**बैतूल।** श्री प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय महाविद्यालय बैतूल में 26 जून को परिवहन विभाग बैतूल के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 163 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। ड्राइविंग लाइसेंस शिविर प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण एवं संयोजक प्रो. शंकर सातनकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) से अक्षय राणे, परिवहन आरक्षक मनमोहन सिंह सूर्यवंशी एवं रामसिंह कुशवाह की उपस्थिति रही। शिविर में मनमोहन सिंह ने छात्रों को लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया, ट्रैफिक नियमों की महत्ता और सडक़ पर सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन और यातायात संकेतों की जानकारी आवश्यक है। शिविर के दौरान लगभग 500 विद्यार्थियों को सारथी परिवहन एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कई छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन ऑन-द-स्पॉट कर लर्निंग लाइसेंस बनवाए गए, जिससे छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया।

# रात में पांच दुकानों के ताले तोड़कर नकदी चोरी

**कुछ जगह से खाली हाथ लौटे बदमाश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के व्यस्ततम क्षेत्र गंज में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने पांच दुकानों के ताले तोड़े। नेशनल एजेंसी, गुप्ता बर्तन भंडार, साहनी मेडिकल एजेंसी और शिवहरे शराब दुकान में चोरी का प्रयास किया गया। गुप्ता बर्तन भंडार से 20 हजार रुपए की नकदी चोरी हुई। साहनी मेडिकल एजेंसी के संचालक मनजीत सिंह ने बताया कि रात 3.20 बजे चार संदिग्ध दिखे। एक बाहर रैकी करता रहा, जबकि अन्य अंदर घुसे। स्क्रूड्राइवर से दराज खोलने की कोशिश की, लेकिन नगदी न मिलने पर खाली हाथ लौटे। नेशनल एजेंसी में शटर के पीछे काउंटर होने से चोर अंदर नहीं घुस सके। शिवहरे की शराब दुकान में चौकीदार की नींद खुलने पर चोर भाग गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चार चोर अलग-अलग दुकानों के आसपास सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। चोर बड़े आराम से चोरी करते और सडक़ पर घूमते भी नजर आ रहे हैं। गंज थाना प्रभारी सरविंद धुर्वे के मुताबिक सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे चोर बाहरी क्षेत्र के प्रतीत हो रहे है, इनकी पहचान कर तलाश की जाएगी। इधर चोरी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग में रोष व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बढती चोरियों से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियां उजागर हो रही हैं। इसके पहले भी गंज क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिनों पहले व्यापारियों की नाराजगी के बाद पुरानी चौकी को शुरू भी किया है, लेकिन यहां पर पुलिसकर्मी के न रहने से चोरों के हौसले एक बार फिर बुलंद हो गए।

### हनुमान डोल मंदिर चौथी बार निशाने पर

शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध हनुमान डोल मंदिर में भी चोरी की घटना हुई। चोरों ने मंदिर की दीवार में सेंध लगाकर अन्दर प्रवेश किया और दानपेटी को तोडक़र उसमें रखी नकदी चुरा ली। श्रद्धालुओं में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि मंदिर को एक साल के भीतर चोरों ने चौथी बार अपना निशाना बनाया है। एक रात में पांच स्थानों पर चोरी की वारदात से स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल है।

## 7 माह से फरार गोवंश तस्कर को अमरावती से किया गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने 07 माह से फरार गौवंश तस्कर मोहम्मद हाफिज को महाराष्ट्र के चांदुर बाजार, अमरावती से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 दिसंबर 2024 को नीमपानी क्षेत्र में टाटा इन्ट्रा लोडिंग वाहन (क्रमांक एमएच 30बीडी 6095) में अवैध रूप से गौवंश ले जाए जाने की सूचना मिलने पर उक्त वाहन का पीछा किया। सोनाघाटी के शीतला धर्मकांटा के पास वाहन चालक वाहन छोडक़र फरार हो गया। वाहन की जांच करने पर उसमें 10 नग गाय एवं 01 बछड़ा पाये गये, जिन्हें क्रूरता पूर्वक भूखा-प्यासा, सींग व पैरों से बांधा था। इस मामले में थाना कोतवाली में धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। उक्त वाहन पूर्व में आकोला तहसीलदार कार्यालय द्वारा रेत परिवहन मामले में जप्त किया गया था। बाद में तहसील कार्यालय से उक्त वाहन सहित कुल 07 वाहन चोरी हो गए थे, जिस संबंध में थाना रामदासपेठ, आकोला में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज है। कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर सेल एवं मुखबिर की सहायता से आरोपी मोहम्मद हाफिज पिता अब्दुल मजीद (उम्र 35 वर्ष), निवासी चांदुर बाजार, अमरावती (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया।

**शिक्षकों को दिए गुर**

# सीएम राइज विद्यालय भीमपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण



**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय भीमपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण सुबह 9.30 से शाम 5 बजे तक बैचवार आयोजित हुआ, जिसमें 102 शिक्षकों ने सहभागिता की। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक इंद्रसेन नागले द्वारा प्री-टेस्ट से हुई, वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर सुनील नंदनवार ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रबंधक मीना सातनकर ने जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन से शिक्षकों की समझ विकसित की। बाल दुर्व्यवहार के प्रकार व रोकथाम के लिए प्रभावी कदम भी सुझाए गए। मास्टर ट्रेनर नंदराम धुर्वे ने वर्ष 2 के जीवन कौशल सत्रों का व्यवहारिक प्रदर्शन कर शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया।

## निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न, प्रतिभागियों ने दिखाए अपने हुनर

# धूमधाम से मनाया करगिल विजय दिवस



**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद भवन परिसर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सेना से सेवानिवृत्त अशोक रघुवंशी, दीपक दया पवार, पंडरी डांगे, सुदामा सूर्यवंशी, गौरी बालापूरे की उपस्थिति में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में इस अवसर पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस मौके पर अशोक रघुवंशी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजय का प्रतीक है। यह दिवस भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को नमन करने के लिए मनाया जाता है।

गौरी बालापूरे ने बताया कि करगिल विजय दिवस में हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर अपनी विजय पताका फहराई है। धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बताया कि यह दिवस भारतीय सेना के बलिदान और शौर्य को याद दिलाता है कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना को मजबूत रखना है। कार्यक्रम का संचालन महेश गुंजेले ने व आभार भरतपदम ने व्यक्त किया। इस अवसर पर एक पौधे का रोपण भी किया तथा सामूहिक तौर पर स्तंभ पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए गए।

## नवांकुर सखी ने उठाई पर्यावरण संरक्षण करने की जिम्मेदारी

# हर घर पौधा, घर-घर पौधा नारों से गूंजे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में हरियाली अमावस्या के अवसर पर आरंभ की गई पांच दिवसीय हरियाली यात्रा का भव्य आयोजन बैतूल जिले के समस्त विकासखंडों में शनिवार को तेज बारिश में भी जोश, उल्लास और जनभागीदारी के साथ किया।

महिलाओं की भूमिका और भागीदारी ने इस अभियान को और अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक बना दिया। प्रभात पट्टन के ग्राम बघोडा में तेज वर्षा में हरियाली यात्रा ढोल-ताशों और नारों के साथ निकली हरियाली कलश यात्रा ने समूचे गांव को हरियाली और चेतना से भर दिया। सरपंच श्रीमती सुनंदा महाले द्वारा कलश पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विकासखंड समन्वयक राधा बरोडे ने नवांकुर सखियों को 11 पौधे तैयार कर विशेष पारिवारिक अवसरों पर रोपण का संकल्प दिलाया। घोड़ाडोंगरी के ग्राम सलैया में संगोष्ठी और हरियाली यात्रा के माध्यम से वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र उईके ने महिलाओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण

### लोकगीतों के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश...

आमला विकासखण्ड में सेक्टर खेड़ली बाजार, बोरदेही, ससाबड़ में नवांकुर सखी के साथ संस्था लालवाड़ी की भागीदारी के साथ हरियाली यात्रा निकाली गई। बैतूल विकासखण्ड के महदगांव ग्राम पंचायत के सभागृह में जनप्रतिनिधी जनपद सदस्य श्रीमती कंचना मालवी, ग्राम पंचायत के सरपंच नंदू उईके, उप सरपंच श्रीमती माधुरी पाठा, पंच ज्ञानेश्वर डोबरे, पंच निखिल डिगरसे, पंच श्रीमती सुखवंती पवार, पूर्व उपसरपंच सतीश डीगरसे, म.प्र.जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी, प्रदीपन संस्था से श्रीमती रेखा गुजरे, सीएमसीएलडीपी छात्रा श्रीमती तुलसी

## सनराइज में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

# न्यायाधीश ने कहा-सभी को होना चाहिए कानून की जानकारी

**मुलताई।** नगर के सनराईज स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर न्यायपालिका संबंध में नियम और कानून की जानकारी साझा की। उक्त शिविर में एडीजे संजय कुमार भलावी, सीजे लक्ष्मण डोडवे, जेएमएफसी अभिजीत सिंह, अभिभाषक पंकज यादव, लोकेश यादव, वर्धमान आईटीआई संचालक अरूण यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एडीजे एडीजे संजय कुमार भलावी ने कहा कि वर्तमान समय में सभी नागरिकों को कानून की जानकारी होना चाहिये एवं कानून का पालन सभी नागरिकों को करना चाहिये।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

**संक्षेप खबर**

### घरों में पहुंचाया जा रहा गंदा नर्मदा जल



**सोहागपुर।** बारिश के मौसम में अधिकतर बीमारियां जलजन्य होती हैं। इस स्थिति में आवश्यक है कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो। लेकिन सोहागपुर में स्वच्छ नर्मदा जल का वितरण नहीं हो रहा है। जनता के अनुसार दो-तीन दिनों से गंदा नर्मदा जल नलों से घरों तक पहुंच रहा है। बर्तनों में पानी भरने पर इसमें रेत के कण नजर आ रहे हैं। नागरिकों ने मांग की है कि स्वच्छ नर्मदा जल वितरित किया जाए। ताकि जलजन्य रोगों के प्रसार की स्थिति शहर में ना बने।

### हरियाली उत्सव के तहत सुहागनों को बांटा सामान

**इटारसी।** शहर में हरियाली उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर सुहागन महिलाओं को सुहाग बाटा और फलदार वृक्ष लगाए गए। साथ ही पक्षियों के लिए एक सुरक्षित और भोजन युक्त ठिकाना उपलब्ध करने हेतु प्रयास किया। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन किया गया।

### बाढ़ की आशंका को देखते हुए पुल व रिपटों पर आवाजाही की हो रही निगरानी

# सोहागपुर में पलकमती नदी के रिपटों की निगरानी कर रहे पुलिस व नपकर्मी

**क्षेत्र में लगातार तीव्र बारिश के मौसम से नदियों में बाढ़ की संभावनाएं बढ़ रही है। जिसके चलते प्रशासन द्वारा नदियों पर बने आवाजाही के पुलों व रिपटों की निगरानी कराई जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नप, एसडीएम तथा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदा नदी में अधिक मात्रा में पानी है। तथा नर्मदा का अतितीव्र जल प्रवाह इसकी सहायक नदियों के जल प्रवाह को प्रभावित करता है। तथा कई बार सहायक नदियों का पानी नर्मदा के तीव्र जल में नहीं मिल पाता है और नदियों में पानी बैक होता है। जिससे बाढ़ की स्थिति छोटे नालों व नदियों में बनने लगती है। इसी कारण से नदियों व नालों पर बने पुल-पुलिया व छोटे रिपटों की निगरानी की जा रही है।



#### पुलिस रिपटों पर तैनात

सोहागपुर थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि सोहागपुर में पलकमती नदी पर बने किलापुरा तथा रामगंज रिपटों पर नजर रखने के निर्देश पुलिसकर्मियों को दिए गए हैं। क्योंकि पलकमती नदी में पानी कभी बढ़ रहा है तो कभी कम हो रहा है। तीव्र बारिश के कारण यकायक ही पलकमती में पानी की मात्रा बहुत बढ़ जाती है तथा रिपटों से आते-जाते लोगों के साथ दुर्घटना हो सकती है। अतः पुलिस की चीता टीम को बाढ़ की स्थिति में रिपटों पर आवाजाही रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

#### नप की निगरानी जारी

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर निकाय की टीम भी तीव्र बारिश की स्थिति में तत्काल रिपटों पर पहुंचकर निगरानी करती है। ताकि रिपटों के ऊपर से बहते पानी में नागरिक आवाजाही न करें एवं कोई दुर्घटना ना हो सके। शहर के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में भी नपकर्मियों को सक्रियता बनाए रखने के निर्देश सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने दिए हैं।वहीं रिपटा पार करतज एक बाइकर को समझाते पुलिसकर्मी दिखाई दिये।

### सेठानी घाट पर पैर फिसलने से डूबी युवती, बचाई जान

नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर नर्मदा में एक युवती गिर गई। तेज बहाव में युवती को बहता देख होमगार्ड जवानों ने कूदकर



युवती को काले महादेव घाट से सुरक्षित बाहर निकाला। घटना शनिवार दोपहर 3 बजे की है। युवती को पानी से निकालने के बाद होमगार्ड जवान और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस नहीं आई। बाद में ऑटो से युवती को जिला अस्पताल भेजा गया है। युवती नर्मदापुरम की ही रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक सेठानी घाट पर युवती खड़ी थी। पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई। युवती को बहते देख लोग चिल्लाने लगे। सेठानी घाट पर तैनात सैनिक श्याम सिंह एवं तुलसी राम ने तत्काल कूदकर युवती को सुरक्षित बाहर निकाला।

## बिजली के पोलों और तारों पर झूलते वृक्षों की कराई छंटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर में बिजली के दर्जनों पोल ऐसे हैं जिनके आसपास वृक्ष लगे हुए हैं। इन वृक्षों की शाखाओं के कारण बार-बार बिजली ट्रिपिंग होती है। बिजली कंपनी ने इस श्रेणी के वृक्षों की छंटाई शुरू की है, ताकि ट्रिपिंग समस्या ना हो। सोहागपुर टाउन जेई वीके धुर्वे के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सभी बिजली पोलों की जांच के निर्देश बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों को दिए गए हैं। जिसके बाद पोलों के समीप फैली वृक्ष शाखाओं की छंटाई की जा रही है। इस काम में नप की लिफ्टर मशीन का उपयोग किया जा रहा है। जेई वीके धुर्वे ने बताया कि शनिवार सुबह सरदार वार्ड के समीप स्थित ख्वाजा पीर क्षेत्र में डीपी के एक पोल के पास लगा वृक्ष की छांटा गया है। इसके पहले शास्त्री वार्ड क्षेत्र में भी उक्त कार्य किया गया है। लगातार वृक्ष छंटाई कर ट्रिपिंग समस्या के पूर्ण समाधान के प्रयास किये जा रहे हैं।

### एक पेड़ मां के नाम प्राचार्य शिक्षक और विद्यार्थियों ने रोपे पौधे



**माखन नगर।** शा.सान्दीपनि विद्यालय माखन नगर में शनिवार को एक पेड़ माँ के नाम -अभियान के तहत पौधारोपण किया प्राचार्य के के दुबे ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ बील, आँवला, कटहल,अशोक और अमरूद जैसे बहुउपयोगी पौधों का रोपण किया।

## नशा है बेकार, शरीर तोड़ता है, कर देता लाचार:टीआई मरावी

### मप्र पुलिस के नशा मुक्ति अंतर्गत सोहागपुर पुलिस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




नशा होता है बेकार, शरीर को करता है लाचार। यह संदेश मप्र पुलिस के नशा मुक्ति अभियान में सोहागपुर एसडीएम अनिल जैन, एसडीओपी संजू चौहान, टीआई उषा मरावी ने शनिवार दोपहर दिया। संदेश उद्बोधन उपरांत हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान तथा थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि मप्र पुलिस नशा मुक्ति अभियान चला रही है। जिसके अंतर्गत शनिवार को हस्ताक्षर अभियान सोहागपुर एसडीओपी कार्यालय के समक्ष स्टेट हाईवे किनारे किया गया। जिसमें नागरिकों को एसडीएम अनिल जैन, एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी ने नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, पार्षद गौरव पालीवाल, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, भाजपा नेता अमित चौरसिया, एसआई एसके सोनी व मेघा उदेनिया, एएसआई गणेश राय, पुलिसकर्मी बलवीर, मनोज जायसवाल, राहुल पवार, नरेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

#### शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

टीआई मरावी ने बताया कि एक साइन बोर्ड एसडीओपी कार्यालय के सामने लगाया गया। जिस पर नशा मुक्ति का संदेश लिखा हुआ है। नशा मुक्ति के लिए काम करने का संकल्प लेते हुए अधिकारियों व नागरिकों ने इस बोर्ड पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सबसे पहले हस्ताक्षर किये। जिसके बाद आमजनों ने भी साइन बोर्ड पर हस्ताक्षर कर संकल्प लिया कि ना वे स्वयं नशा करेंगे, ना ही दूसरों को इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### किसानों को किया गया जागरूक



**माखन नगर।** शनिवार को माखन नगर थाना प्रभारी मदन सिंह पवार पहले संदीपनी विद्यालय पहुंचे उसके बाद उपार्जन केंद्र ममता वेयरहाउस आंखमऊ पहुंच उपस्थित मूंग विक्रय करने आए किसानों से इस अभियान के उद्देश्यों के बारे विस्तृत चर्चा की एवं आग्रह किया कि आप अपने गांव समाज परिवार में यह संदेश जरूर दिन की नसे से दूर रहें नशा करने वाले को समाज और परिवार अच्छी नजरों से नहीं देखा है और आर्थिक क्षति होती है शारीरिक कमजोरी आती है इसलिए आप लोग नशे से दूर रहने का संदेश सभी को दें इस अभियान को सफल बनाएं इस अवसर पर किसान वेयरहाउस के कर्मचारी सहकारी समिति के प्रबंधक सदस्य तुलैया सहित अनेक लोग शामिल हुए

## नशे से दूरी बनाने छात्र-छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शनिवार को शासकीय मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी जरूरी है श्रीमान अभियान के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अभियान के अंतर्गत इस संदेशात्मक कार्यक्रम मे पुलिस के अधिकारी पुलिस कर्मी मॉडल स्कूल की प्राचार्य प्रीति झा शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी ने सहभागिता की। इस दौरान लोगों नशा ने करने के लिए जागरूक किया गया।

## रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ जबलपुर जोन के महामंत्री अशोक शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के आवाहन पर युवाओं को जोड़ने के तारतम्य में शनिवार को मुख्य शाखा इटारसी ने ईटीएल विभाग में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों की समस्याओ के निराकरण के लिए मंडल रेल प्रबंधक के नाम छः सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रभारी प्रखर पराशर को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने यह मांग की है कि इटारसी ईटीएल विभाग के कर्मचारियों से अधिक कार्य करवाया जा रहा है। 11273 प्रयागराज गाड़ी चलाई जा रही है ट्रेन लाइटिंग स्टाफ से ऐसी मैकेनिक का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, सचिव योगेश चौरे, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, सत्यम चौहान, आशीष भैसारे, अजय द्विवेदी, धर्मदेव, गोपाल उपस्थित थे।

## बच्चों के लिए खतरा बन रहे हैं क्षतिग्रस्त भवन प्रशासन ने नहीं की भवन तोड़ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत समनापुर के डोकरी खेड़ा गांव में एकीकृत वाला में एक ही परिसर में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला स्थापित है जिसमें सबसे आगे माध्यमिक शाला का भवन तथा उसी के बाजू में आंगनबाड़ी नर्सरी भवन बने हैं।जो अनेकानेक वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़े हैं। उनके पीछे की ओर माध्यमिक विद्यालय नया बना हुआ है जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं इकट्ठी लगते हैं लेकिन वहां पर जाने के लिए दोनों क्षतिग्रस्त भवनों के बीच से रास्ता दिया हुआ है माध्यमिक शाला का दीवार का कोना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। मैं बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं जिसमें जहरीले कीड़े भी निवास करते हैं लेकिन आज दिनांक तक शासन के द्वारा इन दोनों क्षतिग्रस्त भवनों को नष्ट नहीं किया गया है वहीं कभी भी यह बिल्डिंग यदि धराशाई होती है तो बच्चों को जीवन के जान का खतरा बना हुआ है आज दिनांक तक शासन के द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है भारी बरसात के कारण ग्राम वासियों को चिंता का विषय बना




हुआ है लगातार वर्षा होने के कारण यह भवन कभी भी गिर सकता है तरह से सांस की कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पिपरिया में भी पुराना भवन क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है उसे भी आज दिनांक तक नष्ट नहीं किया गया है इस बारे में बी आर सी प्रदीप शर्मा एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत को यह दोनों भवन नष्ट करने के आदेश दे दिए गए हैं यदि अभी तक नष्ट नहीं किए गए हैं तो उन्हें शीघ्र ही नष्ट कर दिया जाएगा इस बारे में ग्राम पंचायत सचिव सी एल पटेलने बताया उनके कार्यकाल में अभी कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। शासन ने यदि कोई आदेश जारी किया है तो दोनों भवनों को नष्ट करा दिया जाएगा।

## जीनियस प्लानेट के विद्यार्थियों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डायरेक्टर जाफ़र सिद्दीकी ने कारगिल के बारे में विद्यार्थियों को बताया और बताया कि कैसे हमारे सैनिकों ने कारगिल पर विजय हासिल की जिसमें कई ने अपनी शहादत दी। स्कूल के कक्षा 10 वी के छात्र मौलिक कालवे, अर्पित जैन कारगिल युद्ध पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।कक्षा आठवीं की छात्रा आयुषी ने कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों पर विचार व्यक्त करते हुए शहीदों को समर्पित कविता प्रस्तुत की साथ ही सृष्टि चोरे ने कारगिल युद्ध में शहीद मेजर विक्रम बत्रा और नर्मदापुरम जिले के सपूत शहीद तोपची विजय शंकर दुबे के बारे में उद्बोधन दिया। प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें हमेशा सेना के सिपाहियों का सम्मान करना चाहिए।

## पीएम आवास योजना में शामिल 68 आवासों में शुरू नहीं हुआ निर्माण कार्य, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत समनापुर में शामिल डोकरी खेड़ा गांव में 32पीएम आवास योजना में स्वीकृत किए गए हैं। तथा समनापुर में भी 26आवास लोगों के स्वीकृत हुए हैं। लेकिन डोकरी खेड़ा गांव में सचिव सी एल पटेलने बताया कि अभी लगभग 14हितग्राहि ने आवास बनाने कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जबकि सभी आदिवासी समुदाय से हैं। तथा सभी के पुराने मिट्टी के कच्चे मकान है।भारी वर्षा होने से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

रोजगार सहायक मुकेश पठारिया ने बताया कि बलराम ठाकुर पिता हीरालाल ठाकुर का नाम पुरानी सूची में शामिल हैं।जिनकी पहली किस्त



भी जारी हो चुकी है।पर वह घर पर नहीं मिलते हैं उनकी पत्नी बच्चे से बोल चुके हैं पर वह काम शुरू नहीं कर रहे हैं।भारी वर्षा होने लगी तो हरि भूमि समाचार पत्र पिपरिया संवाददाता ने मौके पर पहुंचे तो पाया कि आधा मकान का हिस्सा बरसात में भीगते हुए गिर गया है।आधे में पोलेथिन डालकर निवास कर रहे हैं। बलराम ठाकुर ने बताया की रोजगार सहायक ने बताया कि राशि खाते में जमा है। लेकिन बरसात में भीगते हुए काम नहीं कर सकते हैं। अतः बरसात बाद ही काम लग सकेगा। सचिव सी,एल, पटेलने बताया 14लोग है उन्होंने काम शुरू नहीं किया गया है। इसी तरह से समनापुर में भी यही स्थिति है।

### बारिश के साथ नागद्वार यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, काफी तादाद में पहुंचे श्रद्धालु

# सफाई मित्र एक्शन में जंगल से पूरा कचरा हो रहा है साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में नागद्वार यात्रा जारी है भारी वर्षा के बीच लाखों की तादाद में श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर अपने आराध्य के दर्शन कर रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए डाटा को देखें तो पिछले 24 घंटा के दौरान पचमढ़ी में करीबन 3.6 इंच वर्षा हुई है। आमतौर पर इतनी बरसात कई दिनों में देखने को मिलती है।



#### नागद्वार यात्रा और बरसात का अनूठा संगम

नागद्वार यात्रा के लिए कहा जाता है कि जितनी अधिक वर्षा उतने अधिक श्रद्धालु ऐसा ही पिछले दो दिनों में देखने को मिला है।मेला शुरू होने के बाद अचानक तीन दिनों के लिए बरसात ने पचमढ़ी से मुंह फेर लिया था उसके बाद पुनः बरसात का दौर जारी है। जैसे ही बरसाती बादलों ने पचमढ़ी में अपना जमावड़ा जमाया वैसे ही महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की सीमावर्ती इलाकों से नागद्वार यात्रा के लिए श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचने लगे।

#### नागद्वारी क्षेत्र की नदी उफान पर :

जब आप जिप्सी की सहायता से नागद्वारी मंदिर जाते हैं तो मंदिर क्षेत्र से कुछ किलोमीटर पूर्व आपको नदी के बीचों बीच से गुजरना होता है। जंगलों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण नागद्वार क्षेत्र की काजरी नदी उफान पर है।वाहन चालक कुशलता पूर्वक पानी के बीच में से वहान निकालकर श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचा रहे हैं।

#### एसडीएम अनीशा श्रीवास्तव बोलीं

पिछले 24 घंटे में करीबन 75000 श्रद्धालुओं ने पचमढ़ी पहुंचकर नागद्वार में बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए हैं। कंट्रोल रूम से संपूर्ण मेले पर ध्यान दिया जा रहा है।पेयजल, स्वास्थ्य,पुलिस जैसी मूलभूत आवश्यकता मैं किसी भी प्रकार की कमी ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। इस दफा हमने कोका-कोला बेवरेजेस के साथ मिलकर जिसमें मिश्रा ट्रेडर्स प्रशासन के sath भागीदारभी हैं जंगल क्षेत्र के प्रत्येक बिंदु पर कचरा कलेक्ट हो यह सुनिश्चित किया है। जंगल क्षेत्र में प्रत्येक बिंदु पर जिले के नगर पालिका की टीम कचरा इकठ्ठा कर रही है एवं अन्य विभागों की सहायता से जंगल से कचरा कलेक्ट कर कचरा कलेक्शन पॉइंट्स पर भेजा जा रहा है। हमने यह लक्ष्य बनाया है कि मेले के बाद जंगल को हम साफ सुथरा छोड़े जिससे कि पर्यावरण एवं वन्य प्राणियों को किसी भी तरह का नुकसान ना हो।

### वृक्ष पर लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**सोहागपुर।** थाना क्षेत्र सोहागपुर में शनिवार को पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति का शव वृक्ष पर लटका मिला है। जिसकी सूचना पुलिस को विजय पुत्र चुन्नीलाल ठाकुर 42 वर्ष निवासी भजियाढाना ने दी। सूचना के अनुसार विजय ठाकुर अपने खेत में रिश्तेदारों के साथ शनिवार सुबह धान लगा रहे थे। करीब 12 बजे खेत में लगे जामुन के पेड़ से बदबू आई तो लोगों ने जाकर देखा। तो नज़र आया कि वृक्ष पर करीब 10 से 12 फीट की ऊंचाई पर रस्सी से एक अज्ञात व्यक्ति लटका था। जिसकी उम्र करीबन 24 से 25 वर्ष है, जिसके बदन पर सफेद फुल बांह की टीशर्ट एवं नीले काले टाइप का पेंट था। अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु कब हुई है, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।

## संजय को फोटोग्राफी वर्कशॉप में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

युवा फोटोग्राफर संजय कुमार प्रजापत ने अपनी फोटोग्राफी कला से राष्ट्रीय मंच पर जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें गोवा में आयोजित राष्ट्रीय फोटोग्राफी कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यशाला 18 से 21 जुलाई तक गोवा में आयोजित हुई थी, जिसके आयोजक प्रसिद्ध फोटोग्राफर धर्मेंद्र शर्मा और सृष्टि ईजी द्वारा किया गया। कार्यशाला में देशभर से आए 105 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें मध्यप्रदेश से संजय प्रजापत का चयन हुआ। कार्यक्रम में देश के नामी मेंटर साजन मदान, नीरज विश्वकर्मा और रमेश छाबड़िया ने फोटोग्राफी की आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन फोटोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी और एआई एडिटिंग पर प्रशिक्षण दिया। संजय ने कार्यशाला के दौरान अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उन्हें शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### 108 वेदीय विराट गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन

**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में 108 वेदिकाओं के साथ 1008 दीपों का प्रज्वलन कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहर के इंग्लिशपुरा स्थित नूतन हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजन इस महायज्ञ में गायत्री परिवार और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर भोपाल के उपजोन प्रभारी आरपी हजारी, महेश विजयवर्गीय, सुरेश त्यगी, राजेन्द्र मोदी, रमिला परमार आदि ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान किया। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वारा एवं गुरुदेव एवं वंदनीया माता के सूक्ष्म संरक्षण में मातृशक्ति संवर्धन वर्ष और दिव्य अखंड दीप की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया, इसका उद्देश्य विश्व शांति की कामना करना, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और लोगों को श्रेष्ठ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में ध्यान साधना, प्रज्ञा योग, नारी जागरण, संस्कार परंपरा और कन्या कौशल शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### उर्वरक, बीज व कीटनाशक विक्रय केंद्रों का किया जाए निरीक्षण: कलेक्टर बालागुरु के

# कलेक्टर ने खाद-बीज की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने भैरूंदा जनपद के मूंग उपार्जन केंद्रों, उर्वरक विक्रय केंद्रों सहित अन्य कृषि व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा जनपद के विभिन्न मूंग उपार्जन केंद्रों, डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र तथा निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा उपार्जन एवं वितरण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उपार्जन, भंडारण और वितरण से जुड़ी समस्त गतिविधियों की निरंतर निगरानी रखें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसान को वास्तविक लाभ मिले। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

भादाकुई स्थित मूंग उपार्जन केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि किसानों द्वारा बुक किए गए स्लॉट्स का समय किसी भी स्थिति में व्यर्थ न जाए। प्रत्येक किसान को उपार्जन के लिए निर्धारित समय पर ही उपार्जन किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर एफएक्यू मानकों के अनुरूप ही मूंग की खरीदी सुनिश्चित की जाए और इस प्रक्रिया में कोई लापरवाही न हो। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तौल कांटे की सटीकता तथा बारदानों की उपलब्धता जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर मूंग विक्रय के लिए आए किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन के दौरान किसानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए।

#### उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

बालागुरू के. ने भैरूंदा क्षेत्र के निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, स्टॉक छिपाने अथवा जिले से बाहर अवैध रूप से उर्वरक एवं बीजों के स्थानांतरण करने पर कठोर कार्रवाई की जाए। ताकि जिले में उर्वरकों एवं बीज की कमी न हो और जिले के किसानों को समस्याओं का समाना नही करना पड़े।

#### डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. भैरूंदा स्थित डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र का निरीक्षण किया। डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरकों की सुरक्षित भंडारण व्यवस्था, समय पर वितरण और गुणवत्ता की निगरानी के संबंध अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की मांग के अनुसार समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों की फसलें प्रभावित न हों।



# मीणा समाज का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिला



**खिरकिया।** बीनागंज की छात्रावास हेतु भूमि आवंटन, मधुसूदनगढ़ से समाज की गायब बेटियों की बरामदगी तथा रावत मीणा समाज की अन्य मांगों को लेकर मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत के नेतृत्व में लाला राम मीणा जय मीनेश कल्याण बोर्ड अध्यक्ष अमरसिंह मीणा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मीणा समाज संतोष मीणा महामंत्री मानसिंह रावत जी बबलू मीणा जिला पंचायत अध्यक्ष रायसेन तीरथसिंह मीणा गोपाल मीणा लीलेन मारन महेंद्र सिंह मीणा अमृत लाल मीणा मुकेश मीणा युवा जिला अध्यक्ष हरदा भोपाल सी एम हाउस में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर ज्ञापन दिया गया। मीणा समाज प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश में मूंग खरीदी के लिए धन्यवाद दिया।

## नगर परिषद में स्वच्छता मित्र और दीदियों का किया सम्मान



**बुधनी।** हाल ही में नगर परिषद को राष्ट्रीय स्तर पर सुपर लीग 3 स्टार रेटिंग अवार्ड दिया गया है इस उपलब्धि पर नगर परिषद द्वारा सफाई मित्रों और एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। सामुदायिकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने सभी उपस्थित जनों को इस सफलता को लेकर शुभकामनाएं दीं भविष्य में इसी तरह से कीर्तिमान स्थापित करने की बात कही सभी सफाई मित्रों को शाल श्रीफल एवं पुष्प कुछ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया वहीं स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पार्षद आरती किशन मालवीय, ज्योति पंजाबी, रजनी हरदयाल सिंह आजाद, राखी कैथवास, धीरेंद्र तिवारी, कृष्ण मालवीय,विनोद शिवहरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी,उपयंत्री अजीत तिवारी, आरएसआई जितेंद्र सिंह बघेल,सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, वार्ड सफाई प्रभारी अशोक जादोनी, रघुवीर बडगूजर एवं फीडबैक फाउंडेशन की टीम एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरती उतारकर मुंह मीठा कराया

# विधायक सोलंकी ने निकाली कांवड़ यात्रा, कई स्थानों पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी द्वारा यहाँ शनिवार को भपकेश्वर महादेव मंदिर से ढसलगाँव तक कावड़-यात्रा निकाली गई। उनका कई स्थानों पर बालिकाओं,महिलाओं और ग्रामीणों भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनकी आरती उतारकर मुंह भी मीठा कराया गया। जबकि सावन की रिमझिम वर्षा में कावड़यों का उत्साह परवान पर था। सर्वप्रथम विधायक सोलंकी और डॉ.ध्यानसिंह सोलंकी ने मंदीर पहुंचकर क्षेत्रवासियों की सुख-सम्रद्धि के लिए पूजा-अर्चना की। इस दौरान "जय-जय भोले" जयकारों से वातावरण गूंज उठा और इसके बाद उनके स्वागत का दौर शुरू हो गया। ग्राम पंचायत की ओर से उनके प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनका मुंह मीठा कराकर पुष्पहारों से स्वागत किया। कई स्थानों पर बालिकाओं और महिलाओं ने उन्हें तिलक लगाया और उनकी आरती भी उतारी गई। यहाँ मंदीर से शुरू हुई यात्रा संजय नगर,पुराना बस स्टैंड और संत सेवालाल तिराहा होकर बांयखेड़ा, सांयखेड़ा होकर ढसलगांव पहुंची थी। वहां प्राचीन सिंगाजी मंदिर और शिव प्रतिमा की पूजा अर्चना कर जल चढाया गया। इस अवसर पर सरपंच तुलसीबाई नार्वे, गिलदार नार्वे, निर्मल लोहारे,विजेंद्र सिसौदिया, गौतम राठौड़, ज्योति नायक, बलवीरसिंह भाटिया और ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्रवण राठौड़ सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर ने राहगीर को कुचला: मौके पर मौत सीहोर पुलिस ने जब्त किया वाहन

**सीहोर।** रेहटी थाने के नर्मदा किनारे स्थित बाबरी गांव में एक तेज रफ्तार अवैध रेत से भरे डंपर ने राहगीर को कुचल दिया। हादसे में राहगीर भीमा रघुवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, एनजीटी की रोक के बावजूद नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन और परिवहन लगातार जारी है। यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कॉन्सोटियम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी फर्जी रॉयल्टी देकर नर्मदा नदी से अवैध रेत निकाल रही है। नदी से रेत निकालकर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बना दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन अवैध रेत डंपरों के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नर्मदा किनारे के दर्जनों गांवों में हजारों डंपर अवैध रेत के ढेर लगे हैं। नदी से रोजाना हजारों नावों और पनडुब्बी मशीनों से बीच नदी के बहते पानी में अवैध खनन किया जा रहा है। आरोप है कि सीहोर जिला प्रशासन और खनिज विभाग के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। रेत ठेकेदार अन्य जिलों की रॉयल्टी देकर सीहोर जिले से करोड़ों रुपए की रेत चोरी कर रहे हैं। रेत माफिया दिन-रात अवैध उत्खनन में लगे हैं और ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि डंपर की चपेट में आने से जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई उसका नाम भीमा रघुवंशी है। वह बाबरी गांव का रहने वाला था। पुलिस ने मामले में डंपर को जब्त कर लिया है और कार्रवाई जारी है।

### बुधनी एसडीएम व कृषि अधिकारियों ने किया मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के निर्देशानुसार जिले में 7 जुलाई 2025 से 8 अगस्त 2025 ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति अनुसार पंजीकृत किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता की ही मूंग का उपार्जन करने के निर्देश दिए गए हैं। उपार्जित हो रहे मूंग की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से अधिकारियों द्वारा मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधनी एसडीएम श्री दिनेश सिंह तोमर, कृषि विभाग के उप संचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं सहायक संचालक अनिल कुमार जाट द्वारा संयुक्त रूप बुधनी क्षेत्र स्थित उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नीमखेड़ी स्थित इन्द्रा वेयरहाउस एवं रेहटी स्थित नित्या वेयरहाउस पर समिति प्रबंधक एवं गोदाम संचालक द्वारा अमानक गुणवत्ता (नॉन एफएक्यू) वाले मूंग की खरीदी की जा रही थी। जिसके संबंध में संबंधित समिति प्रबंधक एवं गोदाम संचालक को एफएक्यू खरीदी के लिए सचेत किया गया। इसके साथ ही उपार्जन एजेंसी एनसीसीएफ के अधिकरियों निर्देश दिए गए कि जिन स्टैक की क्वालिटी खराब है उनकी जांच की जाए।

### डिवाइडर से टकराई स्कूल बस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शुक्रवार को सेंट फ्रांसिस स्कूल की बस शाहगंज में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें कुछ बच्चों को चोंट आने की सूचना मिली है हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एक छात्र के घायल होने की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंट फ्रांसिस स्कूल की बस क्रमांक एमपी 05पी 0738 छात्रों को छोड़ने बकतरा की तरफ जा रही थी इसी बीच शाहगंज में हाई स्कूल के पास डिवाइडर से टकरा गई।

## बसपा संगठन मजबूत होगा तभी भाजपा को हराना संभव: कमलेश दोहरे



**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बहुजन समाज पार्टी कार्यलय सीहोर पर किया इसमें इछावर एवं सीहोर विधानसभा के पदाधिकारियों को सेक्टर एवं पोलिंग बूथ का निर्माण केसे करना है इसका प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे जोर प्रभारी बसपा सागर ने संगठन निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं कहा की भाजपा को हराना है तो संगठन मजबूत करो समर्पित एवं इमानदार कार्यकर्ता के दम पर जागरूकता और न झुकने न बिकने वाला समाज तैयार करो ,इस कार्यक्रम में विशिष्ट अनोखीलाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा सीहोर एन पी सागर जिला प्रभारी बसपा सीहोर संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर मा साकिर अली जिला उपाध्यक्ष बसपा सीहोर कार्यक्रम का संचालन नरसिंह भारती जिला महासचिव बसपा सीहोर ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा कमलेश दोहरे ने कहा कि हमने जिला कमेटी एवं विधानसभा सीहोर एवं विधानसभा इछावर की कमेटी के आए हुए पदाधिकारी को सेक्टर कमेटी बनाने के लिए दिशानिर्देश दिए और धनराज थरेले को जिला कार्य कारिणी सदस्य नियुक्त किया कहा कि हम मजबूत संगठन बनाकर जिले में नये कार्यकर्ताओ को पार्टी जोड़ने का काम करेंगे विशिष्ट अतिथि मा अनोखीलाल ने कहा कि विधानसभाओ में जो भी अन्याय अत्याचार हो रहे हैं उन सभी घटनाओं को इकट्ठा किया जा रहा और हम जिले एवं विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों को केडर देकर चारों विधानसभा में सेक्टर कमेटी तैयार कि जाएगी मा एन पी सागर ने कहा कि भाजपा कि सरकार के द्वारा जो योजनाये चलाई जा रही वह उनके पदाधिकारियों को ही उसका लाभ मिल रहा है और जनता परेशान हो रही है ज़िला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने कहा कि पूरे जिला सीहोर में गरीबों पर झूठे केस थानों में दर्ज किए गए हैं जिले गंजा सट्टा एवं शराब कि काला बाजारी हो रही है सीहोर बस स्टैंड कि दुकानों पर खुलेआम शराब पिलाई जाती लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती और जिले में ढाबो पर खुलेआम शराब एवं सट्टा लिखा जाता है।

### प्रकृति को बचाना है तो पेड़ अवश्य लगाना है: पारुल उपाध्याय

**इछावर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड इछावर के तत्वावधान में ग्राम विकास नवांकुर संस्था बागनखेड़ा द्वारा नवांकुर सखी_हरियाली यात्रा के तहत ग्राम बांगनखेड़ा में हरियाली यात्रा निकाल कर सभा का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि इछावर थाना प्रभारी पंकज जी वाडेकर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पारुल उपाध्याय जी , भाजपा मंडल अध्यक्ष सोबाल सिंह ठाकुर जी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शंकर जायसवाल जी रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत विकास खंड समन्वयक बीलू भीलवारे द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पंकज वाडेकर द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा कर नशा ना करने एवं परिवार में किसी को ना करने देने की शपथ दिलाई। जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय ने बताया कि प्रकृति का संरक्षण करना बहुत जरूरी हे और प्रकृति संरक्षण के लिए पौधा लगाना और उन्हें बड़ा करना भी बेहद खास हे उसी उद्देश्य से प्रदेश भर मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकली जा रहे हे वहीं विकासखंड इछावर के सेक्टर दिवड़ीया के ग्राम बागनखेड़ा में नवांकुर संस्था बागनखेड़ा द्वारा आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है नवांकुर सखी योजना में स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण किया जाना है।

### तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र परिषद चुनाव संपन्न

# 300 से अधिक विद्यार्थियों ने किया मतदान बच्चों में दिखा लोकतांत्रिक उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा







25जुलाई को नगर की अग्रणी संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल मे छात्र परिषद के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनावी प्रक्रिया का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उन्हें भारतीय लोकतांत्रिक एवं मतदान प्रणाली की व्यवहारिक समझ देना रहा। बच्चों ने संपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने प्रतिनिधियों का चयन किया, जिससे उनमें जिम्मेदारी एवं जनप्रतिनिधि चयन की अहमियत का बोध हुआ। विद्यालय के संचालक आर.बी. मालवीय ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा बच्चों ने जिस अनुशासन और जागरूकता के साथ इस प्रक्रिया में भाग लिया, वह सराहनीय है। अपने चुने गए प्रतिनिधियों को जिम्मेदारीपूर्वक काम करने देना और स्वयं भी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना, यही लोकतंत्र की सच्ची भावना है। इस आयोजन में स्कूल स्टाफ, शिक्षकों और छात्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनावी प्रक्रिया में नामांकन, प्रचार, मतदान व मतगणना – सभी चरण विधिवत रूप से संपन्न किए गए। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह अनुभव विद्यार्थियों को जीवनभर के लिए प्रेरणा देगा और उन्हें अच्छे नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शित करेगा।